रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22092023-248884
CG-DL-E-22092023-248884

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3964] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 20, 2023/भाद्र 29, 1945
No. 3964] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 20, 2023/BHADRA 29, 1945

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 सितम्बर, 2023

का.आ. 4132(अ).—पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 612 (अ), तारीख 25 फरवरी, 2016 को, भारत सरकार के संख्यांक का.आ. 876 (अ), तारीख 24 फरवरी, 2023 द्वारा प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां जनता को तारीख 24 फरवरी, 2023 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के बाबत व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवेगांव वन्यजीव अभयारण्य और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान को, जिसे इसमें इसके पश्चात अभयारण्य तथा उद्यान कहा गया है, जो महाराष्ट्र में गोंदिया और भंडारा जिलों में अवस्थित हैं;

और, अभयारण्य तथा उद्यान, महाराष्ट्र की राज्य सरकार की अधिसूचना सं. डब्ल्यू. एल. पी. 0913/सी. आर. 316/एफ-1, तारीख 12 दिसंबर, 2013 द्वारा यथा अधिसूचित नवेगांव-नागजीरा बाघ आरक्षिती के मूल या संकटमय बाघ निवास को सम्मिलित करते हैं;

और, अभयारण्य और उद्यान समृद्ध पक्षी-जीव के साथ लगभग 312 पक्षियों की प्रजातियां जिसमें प्रवासी और जल पक्षी सम्मिलित है के लिए जाने जाते है, हर वर्ष भारतीय मूल के क्षेत्रीय पक्षियों की संख्या यहाँ आस-पास वास करते है, इस क्षेत्र के लिए सरस क्रेन्स का प्रजनन अभिलिखित किया गया है, क्षेत्र में महत्वपूर्ण शिकारी पक्षी मधुश्येन, भुजंग गरुड़, बाज़, ग्रे हेडेड मत्स्य गरुड़ हैं;

और, क्षेत्र में अत्यन्त उच्च जीव-जन्तु और वनस्पतीय विविधता के साथ लगभग 72 स्तनधारियों की प्रजातियां, लगभग 48 सरीसृपों की प्रजातियां और कई उभयचरों की प्रजातियां पाई जाती हैं और इस क्षेत्र की वनस्पति में दक्षिणी उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वनों का प्रतिनिधित्व है;

और, इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण वन्यजीव जैसे बाघ, तेंदुआ, रीछ, जंगली कुत्ता, भारतीय गौर (भैसा), चीतल, सांभर और नीलगाय का भी संभरण है;

और, अभयारण्य और उद्यान के समीप्य के क्षेत्र में मानव बस्ती और चल रही विकासात्मक क्रियाकलापों, इस तरह की क्रियाकलापों पर उचित सुरक्षा उपायों की आवश्यकता और नियंत्रण की जरुरत है;

और, अभयारण्यों और उद्यानों से सटे भौगोलिक क्षेत्र को पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से संरक्षित करना और इस भौगोलिक क्षेत्र में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना सं. का.आ. 612 (अ), तारीख 25 फरवरी, 2016 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, महाराष्ट्र राज्य में क्षेत्र को नवेगांव – नागजीरा बाघ आरक्षिती पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन **2337.112** वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में आच्छादित है, जिसकी सीमा अभयारण्यों और उद्यानों की सीमा से 2 किलोमीटर से 15.3 किलोमीटर तक होगी।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा विवरण **उपाबंध-I** में है ।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र में अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध-II** में है ।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध –III** की **सारणी क** में है।

(5) अभयारण्य और उद्यान की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध–IV** की **सारणी ख** और **सारणी ग** में है।

(6) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-V** में है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी प्रबंधन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसार आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) नवेगांव - नागजीरा बाघ आरक्षिती का परिक्षेत्र जोन पारिस्थितिकी संवेदी जोन का भागरूप होगा और आचंलिक महायोजना को तैयार करने के दौरान मध्यवर्ती बाघ आरक्षिती योजना को भी विचार में लिया जाएगा ।

(3) आंचलिक महायोजना, स्थानीय निवासियों और सभी संबंधित राज्य विभागों के परामर्श से तैयार किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन;

(iii) शहरी विकास;

(iv) पर्यटन;

(v) नगरपालिका;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(ix) राज्य सरकार के कोई अन्य संबंधित अभिकरण

इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को एकीकृत करने के लिए।

(4) आंचलिक महायोजना में विद्यमान अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हें अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं के लिए उपबंध होंगे जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, जनजाति क्षेत्र, कृषि क्षेत्रों, घास भूमि, उपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र, जैसे उद्यान और समान स्थान, बागवानी क्षेत्र, बगीचें, झीलें, आर्द्र भूमि और अन्य जल निकाय का अभ्यकंन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में सूचीबद्ध पैराग्राफ 23 में प्रतिषिद्ध, विनियमित एवं संवर्धित क्रियाकलापों का पालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित करेगी।

(8) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना तैयार होने तक, सभी नए संनिर्माण और अन्य विकासात्मक क्रियाकलापों को पैराग्राफ 24 के अधीन समुचित कार्रवाई के लिए पैराग्राफ 23 के अधीन गठित मानीटरी समिति को भेजा जाएगा।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, किसी विनिश्चय जिसके अंतर्गत शिथिलीकरण, के लिए विचारण भी है, के लिए मीनीटरी समिति हेतु एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय-- राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए उपाय करेगी।

4. भू-उपयोग संबंधी उपाय.- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, जनजाति क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का उपयोग वाणिज्यिक या औद्योगिक संबंधित विकास क्रियाकलापों के लिए क्षेत्रों में उपयोग नहीं किया जाएगा या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु राज्य सरकार स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने और निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए मानीटरी समिति की सिफारिश पर पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि के संपरिवर्तन को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवास के लिए पर्यावरण के अनुकूल कॉटेज, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि की स्थापना,

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का संनिर्माण,

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग की स्थापना।

परंतु यह और कि राज्य सरकार वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजाति क्षेत्र में भूमि के उपयोग या भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों और तत्समय प्रवृत्त विधियों का अनुपालन अनुज्ञात कर सकेगी, जिसमें अनुसूचित जाति और अन्य पारंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) सम्मिलित हैं।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि को प्रत्येक मामले में केवल एक बार मानीटरी समिति के परामर्श पर संशोधित होगी, और ऐसे सुधार के बारे में परिवर्तन के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी:

परंतु यह और कि त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और नवेगांव-नागजीरा बाघ आरक्षिती के मध्यवर्ती परिक्षेत्र प्रबंध योजना के अनुसार अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

5. प्राकृतिक जल निकाय संबंधी उपाय.- राज्य सरकार निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्.-

(i) सभी प्राकृतिक जलमार्गों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी;

(ii) आंचलिक महायोजना में ऐसे आवाह क्षेत्रों संरक्षण और नवीकरण की योजना सम्मिलित की जाएगी; और

(iii) आवाह क्षेत्रों में या उसके पास प्रदूषक विकास क्रियाकलापों निस्सारण और की रीति को प्रतिषिद्ध किया जाएगा जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक हों।

6. पर्यटन महायोजना.- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत राज्य सरकार का पर्यटन विभाग, राज्य सरकार के राजस्व और वन विभाग के परामर्श से, पर्यटन क्रियाकलापों के प्रभावी प्रबंधन के प्रयोजन के लिए पर्यटन महायोजना तैयार करेगी।

(2) पर्यटन महायोजना को आंचलिक महायोजना में सम्मिलित किया जाएगा।

7. पर्यटन संबंधी उपाय.– (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अध्ययन वहन क्षमता पर आधारित राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा।

(2) पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय अभयारण्य और उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर तक होटल और रिसोर्ट का स्थापन अनुज्ञात नहीं होंगा।

(3) अभयारण्य और उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, नए होटल और रिसॉर्ट की स्थापना केवल पारिस्थितिकी-पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व-परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा।

(4) इस अधिसूचना के अधीन आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मोनीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा।

8. प्राकृतिक विरासत परिरक्षण और संरक्षण.– (1) राज्य सरकार छह मास के भीतर प्राकृतिक विरासत परिरक्षण और संरक्षण योजना तैयार करेगी और ऐसी योजना को आंचलिक महायोजना में सम्मिलित किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनो, घाटी मार्गो, उपवन, गुफाएं स्थल भ्रमण, अश्व रोहण, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनके परिरक्षण और संरक्षण की योजना बनाएगी।

9. मानव निर्मित विरासत स्थल का परिरक्षण और संरक्षण.– (1) राज्य सरकार छह मास के भीतर मानव निर्मित विरासत स्थल परिरक्षण और संरक्षण योजना तैयार करेगी और ऐसी योजना को आंचलिक महायोजना में सम्मिलित किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके परिरक्षण और संरक्षण की योजना बनाएगी।

10. ध्वनि प्रदूषण संबंधी उपाय.– राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करेगा।

11. वायु प्रदूषण संबंधी उपाय.– राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और इन अधिनियमों के तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करेगा।

12. बहिःस्राव का निस्सारण संबंधी उपाय.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिःस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

13. **ठोस अपशिष्ट निपटान संबंधी उपाय.–** (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(2) स्थानीय प्राधिकरण ठोस अपशिष्ट को बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल घटकों में अलग करने के लिए योजनाएं तैयार करेंगे;

(3) बायोडिग्रेडेबल घटकों को अधिमानतः कंपोस्टिंग या वर्मीकल्चर या बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से पुनर्नवीनीकरण किया जाएगा।

(4) नॉन-बायोडिग्रेडेबल घटकों को पर्यावरण की दृष्टि से स्वीकार्य रीति से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचाने गए स्थान पर निपटाया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट को जलाना या भस्मन अनुज्ञात नही किया जाएगी।

14. जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान संबंधी उपाय.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निपटान जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

15. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी उपाय.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

16. संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी उपाय.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन, संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

17. ई–अपशिष्ट संबंधी उपाय.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंधन, ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

18. यानीय-यातायात संबंधी उपाय.– राज्य सरकार द्वारा यानीय-यातायात को पर्यावास-अनुकूल रीति से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और अधिसूचना के अधीन अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सुसंगत मार्गदर्शक सिद्धांतों के अधीन यानों की आवाजाही के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

19. यानीय प्रदूषण संबंधी उपाय.– राज्य सरकार लागू विधियों के अनुसार यानीय प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण करेगी और स्वच्छ ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास करेगी।

20. औद्योगिक ईकाइयां संबंधी उपाय.– (1) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में काष्ठ आधारित नये उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

परंतु यह कि विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग तब तक जारी रह सकते हैं जब तक कि तत्समय प्रवृत विधि के अधीन प्रतिषिद्ध न किए जाए।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जल, वायु, मृदा या ध्वनि प्रदूषण करने वाले किसी भी उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(3) अभयारण्य और उद्यान की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी ईंट निर्माण उद्योग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

21. पहाड़ी ढलानों का संरक्षण संबंधी उपाय.– (1) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(2) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

22. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध, विनियमित या संवर्धित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन, 2011 और अधिसूचना संख्याक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 सहित तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगी और अन्य लागू विधियों, जिनमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 (1972 का 53), और तद्धीन बनाए गए नियम सम्मिलित हैं और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्.-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना, मकान बनाने और व्यक्तिगत उपयोग के लिए देशी टाइल्स या ईंटो का संनिर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश तारीख 4 अगस्त ,2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल ,2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी। विद्यमान उद्योगों द्वारा प्रदूषण निवारण तकनीकों और ध्वनि अवरोधकों को स्थापित किया जाना चाहिए।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	नए बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिःस्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	राज्य सरकार द्वारा मानीटरी/सर्वेक्षण/आपदा प्रबंधन जैसे आधिकारिक सार्वजनिक प्रयोजन के लिए प्रतिबंधित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
9.	सिंचाई विभाग द्वारा जल पल्वित क्षेत्र पट्टा ।	अभयारण्यों और उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर सरकारी टेंकों के जल पल्वित क्षेत्रों में कृषि हेतु पट्टे का पूर्ण वर्जन ।
10.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

		परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग तब तक जारी रह सकेंगे जब तक कि उन्हें तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन प्रतिषिद्ध न किया जाए ।
11.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग्स।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध होंगे। गावठान कस्बे को छोड़कर सभी जगहों पर रोशनी वाले संकेतबोर्ड और होर्डिंग पर प्रतिबंध लगाया जाए।
12.	दुकानदारों द्वारा पॉलीथिन की थैलियों का प्रयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध होंगे।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
13.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी उपजीविका के लिए आवास के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर तक, नए वाणिज्यिक होटलों और रिर्सोटों की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परंतु कि एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन के विस्तार तक, सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के मार्गदर्शक सिंद्धांत के अनुरूप होगा।
14.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 4 में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुज्ञा दी जाएगी। (ख) ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी का पूर्व अनुज्ञा अनुज्ञात किए जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक वास्तविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण की अनुज्ञा दी जाएगी और अन्य वाणिज्यिक संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुरूप होंगी।
15.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
16.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू उपयोग के लिए सतही जल और भूमिगत जल का निष्कर्षण अनुज्ञात होगा । (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही जल या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, के निवारण लिए सभी उपाय किए जाएंगे ।
17.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण ।	नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवेगांव वन्यजीव अभयारण्य और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 500 मीटर के भीतर नई उच्च टेंशन पारेषण लाइनों को बिछाने को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण।	यह उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपाय यथा लागू के अनुसार होंगे ।
19.	रात्रि में यानीय यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
20.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

22.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में उपचारित बहिःस्राव का निस्सारण ।	उपचारित बहिःस्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना और अबमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा ।
23.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्पकृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे ।
24.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	वायु और यानीय प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	नए होटलों और लॉजों के परिसरों में बाड लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	मोबाइल टावर ।	शीर्ष पर संरक्षण प्रणाली के साथ अनुज्ञात किया जाएगा।
28.	फर्नीचर मार्ट ।	वन विभाग द्वारा विनियमित किया जाएगा ।
29.	मछली पकड़ना ।	कलेक्टर और जिला स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समिति की अध्यक्षता में की सिफारिशों के अनुसार है। स्थानीय ग्रामों और संरक्षित क्षेत्रों से पुनर्वासित लोगों को प्राथमिकता दी जा सकती है।
30.	पुराने टेंकों को गहरा करना।	कलेक्टर और जिला स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समिति की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा सिफारिशों के अनुसार है। जंगली पशुओं के लिए आसान पहुंच की सुविधा के लिए कोमल ढलान को बनाए रखा जाना चाहिए।
31.	जलाशयों या टेंकों में न्यूनतम भंडारण ।	न्यूनतम भंडारण का अनुरक्षण किया जाएगा ।
32.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
33.	पवन चक्कियां और टर्बाइन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप:	
34.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
35.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	ग्रामीण कारीगरों सहित कुटीर उद्योग आदि।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत जैसे बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।

23. मानीटरी समिति.- मानीटरी समिति के रूप में जानी जाने वाली एक समिति होगी जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्: -

क्र.सं.	**मानीटरी समिति का गठन**	**पद**
i.	जिला कलेक्टर, गोंदिया	अध्यक्ष, पदेन;
ii.	जिला कलेक्टर, भंडारा का प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
iii.	क्षेत्र निदेशक, नवेगांव- नागजीरा बाघ आरक्षिती	सदस्य, पदेन;

iv.	समय-समय पर तीन वर्ष की अवधि के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पर्यावरण (विरासत संरक्षण सहित) के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि।	सदस्य;
v.	प्रादेशिक अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण बोर्ड	सदस्य, पदेन;
vi.	क्षेत्र के वरिष्ठ नगर नियोजक	सदस्य, पदेन;
vii.	पर्यावरण विभाग, महाराष्ट्र सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
viii.	समय-समय पर तीन वर्ष की अवधि के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ।	सदस्य;
ix.	उप वन संरक्षक, भंडारा	सदस्य, पदेन;
x.	उप वन संरक्षक, गोंदिया	सदस्य-सचिव, पदेन;

24. निगरानी समिति के कार्य.- (1) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 22 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए, यथास्थिति, केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 22 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(3) मानीटरी समिति मामला-दर-मामला के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारीयों के प्रतिनिधियों को, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(4) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट, राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, उपाबंध-**VI** में विनिर्दिष्ट निदर्शन पत्र में उस वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(5) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को उसके कार्य-कलापों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

25. अननुपालन के लिए परिवाद.- मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या कलेक्टर या उप वन संरक्षक किसी व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम,1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

[फां. सं. 25/9/2014-ईएसजेड-आरई]

तन्मय कुमार, 'अपर सचिव

उपाबंध - I

नागजीरा, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवेगांव वन्यजीव अभयारण्य और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रस्तावित युक्तिकरण के बाद सीमाओं का विवरण


पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा नाला को पार करके नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवेगाँव राष्ट्रीय उद्यान और नवेगाँव वन्यजीव अभयारण्य के पश्चिमी भाग में मांडवी ग्राम से आरंभ होकर और आर. एफ सीमा के अक्षांश 21'13"12 और देशांतर 79'43"14 से वहित होती है और उत्तर पूर्व दिशा में मुड़ती है, इसके बाद यह नाला को पार करके पनजारा ग्राम की उत्तर दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह करदी ग्राम सीमा तक नाला के साथ उत्तर दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह नाला को पार करके सीतेपर


ग्राम तक पूर्व की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह बोपेश्वर ग्राम तक नाला के साथ उत्तर पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह लोधीटोला ग्राम सीमा तक राज्य राजमार्ग को पार करके उत्तर दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह मेनधा ग्राम तक राज्य राजमार्ग को पार करके दक्षिण पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह थानेगांव ग्राम तक सड़क के साथ उत्तर पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह दोनगरगाँव ग्राम तक सड़क के साथ उत्तर पूर्व दिशा की ओर मुड़कर और खामरी ग्राम तक उत्तर दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह रुसतमपुर ग्राम सीमा तक आर. एफ. सीमा और नाला के साथ पूर्व की ओर मुड़ती है। इसके बाद यह नीमगाँव ग्राम सीमा तक नाला के साथ उत्तर पूर्व की ओर मुड़ती है। इसके बाद यह रेलवे लाइन तक नाला के साथ उत्तर पश्चिम दिशा कि ओर मुड़कर और नावाटोला ग्राम तक रेलवे लाइन के साथ पूर्व दिशा कि ओर पुनः मुड़ती है । इसके बाद यह पनगदी तलव तक नाला के साथ दक्षिण पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है। इसके बाद यह गुमदोह तलव तक नाला के साथ दक्षिण दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह हलवीटोला ग्राम तक कैनल को पार करके पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है। इसके बाद यह जानूटोला (पीपरटोला) ग्राम तक नाला के साथ रेलवे लाइन को पार करके दक्षिण दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह मुनदीपर ग्राम सीमा तक सड़क के साथ दक्षिण दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह नाला के साथ पूर्व की ओर मुड़कर और राज्य राजमार्ग को पार करके दक्षिण पूर्व दिशा की ओर मुड़कर और नीमबटोला ग्राम सीमा तक नाला के साथ जाती है । इसके बाद यह दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर और कज़लवानी ग्राम सीमा तक आर. एफ. कम्पट सं. 527 से शुरु होते हुए जाती है, इसके बाद सीमा मरमसूद नाला के साथ आर. एफ. से होते हुए और पहाड़ी बिंदु 397 के निकट आढ़े-तिरछे ढंग में पूर्व की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह पहाड़ी बिन्दु 382 तक दक्षिण की ओर मुड़कर और दुबारा पश्चिम की ओर मुड़कर और जुनजरीटोला ग्राम तक दक्षिण पूर्व की ओर मुड़ती है । इसके बाद सीमा जमनापुर ग्राम तक दक्षिण दिशा में नाला से होते हुए और वज़टोला ग्राम से होते हुए जाती है । इसके बाद यह गोटाबोदी ग्राम सीमा तक पूर्व की ओर मुड़ती है । इसके बाद सीमा नदी को पार करके ओर दक्षिण दिशा में राज्य राजमार्ग दियोरी से चीचगढ़ तक और दुबारा यह राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 को पार करके जाती है । इस बिंदु से यह महाजनटोला ग्राम तक नाला के साथ पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह टोयागोनदी ग्राम तक पुरानी आर. एफ. सीमा के साथ दक्षिण पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इस बिंदु से यह बाग नदी छूती है और फुटाना टैंक तक बाग नदी के साथ दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह आर. एफ. सीमा के साथ पूर्व दिशा की ओर मुड़कर और छत्तीसगढ़ की राज्य सीमा को छूती है । इसके बाद यह बोदलदनद ग्राम तक पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर और पुनः आर. एफ. सीमा के साथ धानोरी ग्राम सीमा तक दक्षिण दिशा की ओर मुड़ती है । यह आर. एफ. सीमा साथ केशोरी ग्राम तक पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह रेहली ग्राम तक दक्षिण पश्चिम की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह पाउनी ग्राम तक नाला के साथ दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर और गधवी नदी के साथ पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह जिला सीमा तक दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर और छोर नदी को छूती है । इसके बाद सीमा नाला के साथ उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर और अकटा ग्राम तक छोर नदी को छूती है। इसके बाद गधवी नदी तक इटीयादोह झील की सीमा के साथ ट्रैक से होते हुए और यह गन्धारी ग्राम तक दक्षिण पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह करनदली ग्राम तक दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर और आर. एफ. सीमा के साथ गधवी नदी को छूती है । इसके बाद यह गधवी नदी को पार करके उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर और सुरबन ग्राम तक गधवी नदी के साथ जाती है । इसके बाद यह दिनकरनगर ग्राम तक दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर और गोथानगाँव ग्राम तक नाला के साथ उत्तर दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद पहाड़ी बिंदु 537, 448, 468 एवं 391 से होते हुए नवेगाँव कोहलगाँव सड़क को पार करके और नवेगाँव झील को छूती है । इसके बाद यह नवेगाँव झील की सीमा के साथ होते हुए और बोनदे ग्राम से मिलती है । इसके बाद यह हलबीटोला ग्राम तक कार्ट ट्रैक के साथ पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है और भूरसीटोला ग्राम तक नाला के साथ रेलवे लाइन को पार करके जाती है । इसके बाद यह सलाई ग्राम तक आर. एफ. सीमा के साथ भूरसीटोला से भीबखिड़की सड़क के साथ उत्तर दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह उत्तर पूर्व दिशा की ओर रेलवे लाइन के सामांतर जाती है और रेलवे लाइन को पार करके पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है और आर. एफ. सीमा को छूती है । इसके बाद यह चुलबंद नदी से मिलते मुड़ती हुए नाला के साथ उत्तर पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह चुलबंद नदी के साथ उत्तर पूर्व दिशा की ओर मुड़कर और फुटाला ग्राम सीमा से मिलती है । इसके बाद यह चरगाँव आर. एफ. सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 के साथ पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह चरगाँव आर. एफ. सीमा के साथ दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर और परसोदी ग्राम सीमा को छूती है । इसके बाद यह राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 तक चरगाँव आर. एफ. सीमा के साथ होते हुए जाती है । इसके बाद यह पथारी ग्राम तक नाला के साथ पश्चिम दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 जाती है । इसके बाद यह नाला के साथ दक्षिण पश्चिम दिशा में मुड़कर और राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 को पार करके चुलबुल नदी से मिलती है । इसके बाद यह बोनदे ग्राम सीमा तक चुलबुल नदी के साथ दक्षिण की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह गीरोला ग्राम तक सड़क के साथ पश्चिम दिशा कि ओर मुड़ती है । इसके बाद यह नाला के साथ उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है और पीमपलगाँव ग्राम के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 को छूती है । इसके बाद यह बमहनी ग्राम सीमा तक सड़क के साथ उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह खेदेपर ग्राम तक नाला के साथ उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह किनही ग्राम तक नाला के साथ दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह गनगलवाडा आर. एफ. सीमा तक नाला के साथ पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह आर. एफ. सीमा के साथ दक्षिण दिशा की ओर मुड़ती है ओर राष्ट्रीय राजमार्ग सं- 6 से मिलती है । इसके बाद यह राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 6 और धरगाँव


ग्राम सीमा तक नाला के साथ उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है । इसके बाद यह भीलेवाडा ग्राम तक एन. एच-6 के साथ पश्चिम दिशा की ओर जाती है । इसके बाद यह करजखेडा ग्राम तक सड़क के साथ पश्चिम दिशा की ओर जाती है । इसके बाद यह सुरेवाडा ग्राम तक सड़क सीमा के साथ उत्तर दिशा की ओर जाती है । इसके बाद यह खमरी एवं बेल्लगाँव ग्राम तक सड़क सीमा के साथ उत्तर दिशा की ओर जाती है । इसके बाद यह मनदवी ग्राम तक सड़क सीमा के साथ उत्तर दिशा की ओर जाती है ।

उपाबंध - II

प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र







उपाबंध -III

सारणी क : पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांक

बिंदु	देशांतर	अक्षांश
पू1	79° 43' 35.953" पू	21° 14' 17.251" उ
पू 2	79° 41' 19.487" पू	21° 10' 24.788" उ
पू 3	79° 46' 48.598" पू	21° 05' 05.464" उ
पू 4	79° 51' 18.521" पू	21° 05' 37.281" उ
पू5	79° 57' 23.811" पू	21° 02' 10.128" उ
पू6	80° 01' 23.345" पू	21° 04' 32.128" उ
पू7	80° 05' 27.656" पू	21° 02' 53.883" उ
पू8	80° 03' 42.540" पू	20° 54' 55.404" उ
पू9	80° 07' 31.538" पू	20° 50' 44.535" उ
पू10	80° 09' 00.971" पू	20° 46' 01.658" उ
पू11	80° 14' 09.760" पू	20° 47' 32.307" उ
पू12	80° 19' 20.135" पू	20° 47' 59.277" उ
पू13	80° 21' 43.637" पू	20° 51' 27.635" उ
पू14	80° 26' 29.190" पू	20° 55' 05.149" उ
पू15	80° 26' 24.359" पू	21° 01' 43.222" उ
पू16	80° 23' 40.764" पू	21° 07' 54.477" उ
पू17	80° 20' 27.996" पू	21° 13' 58.287" उ

पू18	80° 15' 37.907" पू	21° 15' 40.466" उ
पू19	80° 13' 21.881" पू	21° 18' 42.126" उ
पू20	80° 08' 12.111" पू	21° 19' 35.144" उ
पू21	80° 07' 43.360" पू	21° 21' 56.583" उ
पू22	80° 07' 47.198" पू	21° 24' 08.465" उ
पू23	80° 08' 17.595" पू	21° 26' 35.621" उ
पू24	80° 05' 51.030" पू	21° 27' 46.117" उ
पू25	80° 00' 54.885" पू	21° 26' 20.137" उ
पू26	79° 59' 47.894" पू	21° 24' 18.431" उ
पू27	79° 58' 58.447" पू	21° 22' 02.381" उ
पू28	79° 56' 04.972" पू	21° 21' 01.402" उ
पू29	79° 52' 25.112" पू	21° 18' 21.495" उ
पू30	79° 47' 36.534" पू	21° 15' 34.410" उ

उपाबंध -IV

सारणी ख : नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा पर प्रमुख बिंदुओं के भू-निर्देशांक

बिंदु	देशांतर	अक्षांश
ए1	79° 43' 56.990" पू	21° 13' 59.564" उ
ए2	79° 42' 54.993" पू	21° 09' 15.846" उ
ए3	79° 46' 15.344" पू	21° 06' 58.286" उ
ए4	79° 47' 58.270" पू	21° 08' 24.610" उ
ए5	79° 49' 51.281" पू	21° 08' 19.341" उ
ए6	79° 50' 50.957" पू	21° 08' 28.926" उ
ए7	79° 54' 04.510" पू	21° 08' 13.721" उ
ए8	79° 53' 34.193" पू	21° 09' 43.834" उ
ए9	79° 52' 20.775" पू	21° 11' 36.679" उ
ए10	79° 54' 36.893" पू	21° 10' 48.173" उ
ए11	79° 57' 06.307" पू	21° 11' 47.859" उ
ए12	79° 59' 02.900" पू	21° 11' 28.379" उ
ए13	80° 00' 32.042" पू	21° 09' 49.808" उ
ए14	80° 03' 53.671" पू	21° 11' 48.366" उ
ए16	80° 04' 55.142" पू	21° 14' 10.882" उ
ए17	80° 09' 23.683" पू	21° 14' 19.370" उ
ए18	80° 10' 35.927" पू	21° 17' 14.837" उ
ए19	80° 07' 19.836" पू	21° 17' 26.931" उ
ए20	80° 04' 09.846" पू	21° 19' 36.763" उ
ए21	80° 01' 47.070" पू	21° 20' 51.948" उ
ए22	79° 57' 59.891" पू	21° 19' 06.401" उ

IndiaCode

ए23	79° 56' 21.487" पू	21° 17' 33.043" उ
ए24	79° 53' 09.423" पू	21° 15' 41.131" उ
ए25	79° 50' 21.725" पू	21° 15' 15.543" उ
ए26	79° 47' 49.573" पू	21° 11' 50.593" उ
ए27	79° 45' 54.886" पू	21° 12' 57.356" उ

सारणी ग : नवेगांव वन्यजीव अभयारण्य और नवेगांव राष्ट्रीय-उद्यान की सीमा पर प्रमुख बिंदुओं के भू-निर्देशांक

बिंदु	देशांतर	अक्षांश
बी1	80° 09' 23.648" पू	21° 04' 02.903" उ
बी2	80° 08' 20.300" पू	21° 02' 30.256" उ
बी3	80° 07' 12.014" पू	20° 59' 52.011" उ
बी5	80° 06' 36.500" पू	20° 58' 32.880" उ
बी6	80° 06' 33.460" पू	20° 56' 29.813" उ
बी7	80° 09' 20.436" पू	20° 55' 06.703" उ
बी8	80° 10' 55.382" पू	20° 54' 41.872" उ
बी9	80° 12' 44.368" पू	20° 54' 30.348" उ
बी10	80° 13' 41.787" पू	20° 56' 56.148" उ
बी11	80° 17' 21.421" पू	20° 55' 04.845" उ
बी12	80° 16' 24.768" पू	20° 58' 26.391" उ
बी13	80° 19' 45.071" पू	20° 54' 46.715" उ
बी16	80° 21' 02.875" पू	20° 57' 33.291" उ
बी17	80° 18' 25.789" पू	20° 58' 45.264" उ
बी18	80° 19' 51.315" पू	21° 00' 41.947" उ
बी19	80° 18' 06.720" पू	21° 03' 39.849" उ
बी20	80° 14' 48.104" पू	21° 03' 15.402" उ
बी21	80° 12' 50.507" पू	21° 02' 27.191" उ
बी22	80° 11' 08.823" पू	21° 04' 09.339" उ

उपाबंध-V

भू-निर्देशांकों सहित नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नगजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

मानचित्र आई डे	ग्राम के नाम	तालुका	जिला	अक्षांश (डिग्री, मिनट, सेकेण्ड)			देशांतर (डिग्री, मिनट, सेकेण्ड)		
1	सोड्लागोंदी	गोरेगांव	गोंदिया	21	15	51.56	80	8	17.01
2	जंभूलपानी	गोरेगांव	गोंदिया	21	16	19.86	80	9	5.59

IndiaCode

3	ग़रडा	गोरेगांव	गोंदिया	21	16	24.16	80	10	3.90
4	रामतोला	गोरेगांव	गोंदिया	21	18	7.43	80	8	47.74
5	मालपुरी	गोरेगांव	गोंदिया	21	17	10.44	80	8	13.44
6	बोडुंडा	गोरेगांव	गोंदिया	21	18	27.14	80	5	31.00
7	आलेबेदर	गोरेगांव	गोंदिया	21	17	27.78	80	3	55.74
8	असलपानी (रीथी)	गोरेगांव	गोंदिया	21	19	45.92	80	5	1.28
9	निंबा	गोरेगांव	गोंदिया	21	12	44.92	80	18	47.20
10	हलबिटोला (निंबा)	गोरेगांव	गोंदिया	21	15	20.38	80	11	4.89
11	जालिया (रीथी)	गोरेगांव	गोंदिया	21	11	38.74	80	18	31.16
12	पिपरटोला (तानु)	गोरेगांव	गोंदिया	21	13	20.14	80	17	13.32
13	तिल्ली	गोरेगांव	गोंदिया	21	14	35.72	80	16	16.32
14	पालखेड़ा	गोरेगांव	गोंदिया	21	14	19.06	80	15	21.66
15	मुरडोली	गोरेगांव	गोंदिया	21	13	57.64	80	11	56.67
16	तेलानखेड़ी	गोरेगांव	गोंदिया	21	14	53.51	80	14	10.19
17	घुमार्रा	गोरेगांव	गोंदिया	21	15	35.24	80	13	31.76
18	पिंडेकेपार	गोरेगांव	गोंदिया	21	15	33.07	80	10	41.86
19	पालेवाड़ा	गोरेगांव	गोंदिया	21	16	44.86	80	12	1.67
20	मुंडीपार	गोरेगांव	गोंदिया	21	18	7.38	80	12	1.48
21	हीरापुर	गोरेगांव	गोंदिया	21	17	3.06	80	5	29.28
22	बगदबन	गोरेगांव	गोंदिया	21	21	14.74	80	4	51.65
23	धानुटोला	गोरेगांव	गोंदिया	21	23	36.42	80	7	37.06
24	लेंडेज़ारी	गोरेगांव	गोंदिया	21	24	44.08	80	7	21.31
25	गिरोला रीथी	गोरेगांव	गोंदिया	21	24	15.67	80	6	56.22
26	रेंगेपार रीथी	गोरेगांव	गोंदिया	21	13	54.67	80	14	54.56
27	जुनेवानी	गोंदिया	गोंदिया	21	24	22.23	80	3	23.48
28	गंगाज़ारी	गोंदिया	गोंदिया	21	25	27.42	80	4	46.70
29	खर्रा	गोंदिया	गोंदिया	21	27	16.69	80	6	14.32
30	पंगड़ी	गोंदिया	गोंदिया	21	24	5.73	80	5	31.22
31	धामनेवाड़ा	गोंदिया	गोंदिया	21	25	18.95	80	1	28.08
32	संग्रामपुर (रीथी)	गोंदिया	गोंदिया	21	24	34.50	80	4	41.52
33	कोडेबार्रा	तिरोडा	गोंदिया	21	19	31.71	80	2	48.66
34	घोटी	तिरोडा	गोंदिया	21	20	37.24	80	2	59.21
35	मंगेज़ारी	तिरोडा	गोंदिया	21	20	45.86	80	3	42.89
36	गोविंदटोला	तिरोडा	गोंदिया	21	21	21.42	80	4	2.22
37	बालापुर	तिरोडा	गोंदिया	21	19	59.06	80	0	2.38
38	कोवेसर	तिरोडा	गोंदिया	21	19	30.00	79	59	23.39
39	बेर्डीपार (खु)	तिरोडा	गोंदिया	21	19	36.86	79	58	19.17
40	खुर्सीपार	तिरोडा	गोंदिया	21	19	33.12	79	57	18.69
41	भाजेपार	तिरोडा	गोंदिया	21	17	58.48	79	57	26.91
42	कचेखानी (रीथी)	तिरोडा	गोंदिया	21	17	43.11	79	56	18.59

IndiaCode

43	चोरखमारा	तिरोडा	गोंदिया	21	15	55.75	79	57	23.51
44	कामकाज़ारी (रीथी)	तिरोडा	गोंदिया	21	16	3.70	79	56	36.86
45	मारेगांव	तिरोडा	गोंदिया	21	18	27.03	79	65	9.93
46	सार्रा	तिरोडा	गोंदिया	21	18	1.07	79	55	17.62
47	नंदालपार	तिरोडा	गोंदिया	21	16	10.27	79	53	56.15
48	लोनारा	तिरोडा	गोंदिया	21	16	27.32	79	52	55.27
49	कुलपा	तिरोडा	गोंदिया	21	15	17.68	79	51	14.61
50	मलकाज़ारी (रीथी)	तिरोडा	गोंदिया	21	15	58.76	79	58	14.28
51	अरबकासा (रीथी)	तिरोडा	गोंदिया	21	16	32.22	79	58	14.41
52	मंदागोंदी	तिरोडा	गोंदिया	21	16	26.46	79	50	56.87
53	सितेपर	तिरोडा	गोंदिया	21	16	2.80	79	50	41.00
54	अलेझरी	तिरोडा	गोंदिया	21	19	43.88	79	58	55.83
55	नवेझरी	तिरोडा	गोंदिया	21	16	43.86	79	51	36.60
56	वधोना (रीथी)	तिरोडा	गोंदिया	21	23	26.86	80	1	54.14
57	बोडलकासा	तिरोडा	गोंदिया	21	20	31.91	80	1	59.10
58	पिंडेकेपर	तिरोडा	गोंदिया	21	20	59.23	80	0	44.04
59	रुस्तमपुर	तिरोडा	गोंदिया	21	22	15.05	80	1	42.60
60	कोडेलोहारा	तिरोडा	गोंदिया	21	17	38.64	79	54	33.31
61	कोयलारी	तिरोडा	गोंदिया	21	17	10.78	79	53	14.13
62	निमगाँव।	तिरोडा	गोंदिया	21	24	6.21	80	1	55.32
63	लेंडेज़ारी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	14	22.64	80	5	8.32
64	धनोरी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	13	26.26	80	5	24.74
65	बोडुंडा	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	13	13.70	80	3	58.04
66	थडेज़ारी (रीथी)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	48.91	80	2	58.36
67	कोसामटोंडी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	27.86	80	4	29.34
68	चिचटोला	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	6.28	80	5	16.49
69	सितेपार	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	11	59.70	80	7	0.55
70	मालिज़ुंगा	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	58.82	80	7	15.87
71	खोदशिवानी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	9	14.04	80	7	37.44
72	हेटी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	9	54.46	80	5	4.32
73	पंधारी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	45.80	80	8	45.72
74	मुरपार (लेंडेज़ारी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	14	20.51	80	3	51.67
75	डुंडा	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	11	41.50	80	8	44.08
76	मुंडीपार (घाटे)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	18	12.51	80	11	53.90
77	घाटेगांव	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	10	37.31	80	7	29.73
78	तेम्नीहेटी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	10	35.49	80	5	48.12
79	मुरपार राम	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	11	57.88	80	10	13.45
80	गोंगले	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	13	13.93	80	10	4.32
81	मरामजोब (रीथी)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	3	50.78	80	18	23.26
82	हलबिटोला	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	45.33	80	8	2.85

IndiaCode

83	मोहघाटा	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	8.01	80	14	44.66
84	रेंगेपार (पंधारी),	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	13	50.33	80	8	22.92
85	खादीपार	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	13	16.19	80	10	43.12
86	घोटी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	10	19.33	80	8	43.82
87	पलासगांव (राम)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	11	27.14	80	11	18.35
88	भुसरिटोला	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	45.35	80	12	28.76
89	पटेकुर्रा	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	29.16	80	11	52.92
90	खाजरी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	16.45	80	9	40.41
91	गिरोलाहेटी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	9	31.18	80	5	36.79
92	दोडके	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	11	50.40	80	13	34.63
93	भूधनगर	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	47.04	80	7	40.33
94	कोडामेडी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	5	51.91	80	8	22.89
95	बोपाबोडी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	6	27.45	80	5	1.36
96	जंभाडी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	12	6.33	80	15	11.16
97	चिरचाड़ी (होहाली)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	9	40.72	80	12	13.81
98	डोंगरगांव (खाज)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	35.23	80	10	23.99
99	खाजरी	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	16.87	80	9	38.08
100	गोपालटोली	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	11	14.52	80	12	23.16
101	दव्वा	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	10	55.39	80	10	16.48
102	वडेगांव	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	6	21.64	80	9	36.00
103	घाटबोरी (तेली)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	29.28	80	8	41.35
104	घाटबोरी (कोहली)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	6	45.74	80	7	30.39
105	सिंधीपार	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	7	5.58	80	6	25.63
106	मुंडीपार (घाटब)	सडक अर्जुनी	गोंदिया	21	8	3.58	80	6	22.43
